RPSC वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II सामाजिक विज्ञान 2022

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

भारत में कौन से वर्ष में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम लागू हुआ ?

(A) 1976
(B) 1972 ✓
(C) 2004
(D) 1973

Q.2

भारत की जनगणना 2011 के अनुसार वर्णित राज्यों को घनत्व के आरोही क्रम में व्यवस्थित करें :
(a) सिक्किम
(b) अरुणाचल प्रदेश
(c) नागालैंड
(d) मिज़ोरम

(A) (b) (a) (c) (d) ✓
(B) (d) (b) (a) (c)
(C) (c) (d) (b) (a)
(D) (b) (d) (a) (c)

Q.3

सन् 1992 में समुद्र पारीय आर्थिक सहयोग निधि (O.E.C.F.) जापान द्वारा आरम्भ 'अरावली वृक्षारोपण परियोजना' का उद्देश्य बताएँ :
(a) अरावली पर्वत प्रदेश को हरा-भरा रखना।
(b) एनिकट का निर्माण कर जल संसाधन का संरक्षण करना।
(c) भूमि का कटाव तथा अवैध खनन को रोकना।
(d) उपरोक्त वर्णित सभी

(A) (a) तथा (b)
(B) (b) तथा (c)
(C) (a) तथा (c)
(D) (d) ✓

Q.4

भारत की निम्नलिखित नदियों को उनके उद्गम स्थल से सुमेलित कीजिए एवं कूट के माध्यम से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I नदियाँ	सूची-II उद्गम स्थल
(i) बेतवा	(a) नन्दीदुर्ग पहाड़ी
(ii) गोदावरी	(b) अमरकण्टक
(iii) पेन्नार/पिनाकिनी	(c) भोपाल
(iv) सोन	(d) त्र्यंबक गाँव

(A) (b) (a) (d) (c)
(B) (c) (d) (a) (b) ✓
(C) (c) (a) (d) (b)
(D) (d) (a) (b) (c)

Q.5

निम्नलिखित में से कौन सी पर्वत चोटी उत्तरी अरावली प्रदेश से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) बैराठ
(B) सिरावास
(C) नागपहाड़ ✓
(D) बिलाली

Q.6

साधन लागत पर विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (एन.एन.पी.) को इससे भी जाना जाता है

(A) व्यक्तिगत आय
(B) राष्ट्रीय आय ✓
(C) सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(D) निजी आय

Q.7

उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति बराबर होती है

(A) कुल बचत / कुल उपभोग (S/C)
(B) कुल उपभोग / कुल आय (C/Y)
(C) उपभोग में परिवर्तन / आय में परिवर्तन ($\frac{\Delta C}{\Delta Y}$) ✓
(D) उपभोग में परिवर्तन / बचत में परिवर्तन ($\frac{\Delta C}{\Delta S}$)

Q.8

यदि माँग की आय लोच 1 से अधिक व धनात्मक है तो वह वस्तु है

(A) एक आवश्यकतामूलक वस्तु
(B) एक विलासिता वस्तु ✓
(C) एक हीन वस्तु
(D) गिफिन वस्तु

Q.9

अन्य बातें स्थिर रहते हुए एक वस्तु की कीमत गिरने के परिणाम को व्यक्त किया जाता है

(A) माँग में वृद्धि
(B) माँग में कमी
(C) माँगी गई मात्रा में विस्तार ✓
(D) माँगी गई मात्रा में कमी

Q.10

सरवाड़ एवं राजमहल खनन क्षेत्र इसके लिए प्रसिद्ध हैं :

(A) एमरल्ड
(B) कैलसाइट
(C) गारनेट ✓
(D) मैग्नेसाइट

Q.11

यदि एक वस्तु की कीमत में परिवर्तन करने से दोनों वस्तुओं (x और y) की खरीदी गई मात्रा बढ़ती है या घटती है तो इन दोनों वस्तुओं के मध्य माँग की तिरछी लोच है :

(A) ऋणात्मक ✓
(B) धनात्मक
(C) शून्य
(D) एक

Q.12

संतुलन की अवस्था में तटस्थता वक्र का ढाल होता है

(A) बजट रेखा के ढाल के बराबर ✓
(B) बजट रेखा के ढाल से अधिक
(C) बजट रेखा के ढाल से कम
(D) बजट रेखा के ढाल से अधिक या कम हो सकता है।

Q.13

निम्न में से किस माध्य से व्यक्तिगत अवलोकनों से लिए गये विचलनों का योग शून्य होता है ?

(A) बहुलक
(B) मध्यका
(C) समान्तर माध्य ✓
(D) गुणोत्तर माध्य

Q.14

दिए गये समंकों के समूह से मध्यका ज्ञात कीजिए :
2, 6, 6, 8, 4, 2, 7, 9

(A) 2
(B) 7
(C) 4
(D) 6 ✓

Q.15

निम्न में से किस माध्य में चरम मूल्यों का प्रभाव न्यूनतम होता है ?

(A) समान्तर माध्य
(B) गुणोत्तर माध्य
(C) बहुलक ✓
(D) हरात्मक माध्य

Q.16

निम्न में से कौन से कारण से पूर्ति वक्र का विवर्तन नहीं होता है ?

(A) साधन की कीमत
(B) पूर्ति की गई वस्तु की कीमत ✓
(C) वस्तु एवं सेवा कर
(D) तकनीक

Q.17

निम्न में से किसे विस्तृत मुद्रा के रूप में जाना जाता है ?

(A) M_1
(B) M_2
(C) M_3 ✓
(D) M_4

Q.18

जब साधन कीमतों में वृद्धि के कारण कीमतों में वृद्धि होती है तो इसे कहा जाता है

(A) माँग प्रेरित कीमत स्फीति
(B) लागत प्रेरित कीमत स्फीति ✓
(C) मंदी
(D) अपस्फीति (डिफ्लेशन)

Q.19

निम्न में से कौन सा उपाय भारतीय रिज़र्व बैंक के चयनित साख नियन्त्रण उपायों (विधियों) में से है?

(A) उधार की अधिकतम सीमायें ✓
(B) बैंक दर
(C) खुले बाजार की क्रियाएँ
(D) नकद कोषानुपात

Q.20

'निर्धनता का दुष्चक्र' की अवधारणा सम्बन्धित है

(A) कार्ल मार्क्स
(B) नर्कसे ✓
(C) एडम स्मिथ
(D) मॉल्थस

Q.21

निम्न में से कौन सा बहुआयामी निर्धनता सूचकांक का एक घटक नहीं है ?

(A) स्वास्थ्य
(B) शिक्षा
(C) प्रति व्यक्ति आय ✓
(D) जीवन स्तर

Q.22

कुल प्राप्तियों और कुल व्यय के मध्य अन्तर को जाना जाता है :

(A) पूँजीगत घाटा
(B) बजट घाटा ✓
(C) राजकोषीय घाटा
(D) राजस्व घाटा

Q.23

निम्नलिखित में से कौन सा राज्य नीति आयोग द्वारा प्रकाशित भारत सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) सूचकांक 2021 में सबसे ऊपर रहा ?

(A) केरल ✓
(B) हरियाणा
(C) हिमाचल प्रदेश
(D) गुजरात

Q.24

निम्न में से कौन नीति आयोग की संचालन (शासी) परिषद् का भाग नहीं है ?

(A) सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री
(B) दिल्ली के मुख्यमन्त्री
(C) राज्यों के राज्यपाल ✓
(D) अंडमान-निकोबार द्वीप के उपराज्यपाल

Q.25

राजनैतिक विकृतियों का मनोवैज्ञानिक आधार पर अध्ययन करने की सिफारिश कौन से विद्वान ने की ?

(A) हेरॉल्ड लासवेल ✓
(B) वाल्टर लिपमैन
(C) चार्ल्स ई. मेरियम
(D) आर्थर बेंटले

Q.26

निम्न में से कौन सा सूचक मानव विकास सूचकांक की गणना में उपयोग में नहीं लिया जाता है ?

(A) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
(B) शिशु मृत्यु दर ✓
(C) प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय
(D) स्कूली शिक्षा के माध्य वर्ष

Q.27

"राजनीति ने हमें साँप की कुंडली की तरह जकड़ रखा है और इससे जूझने के सिवाय अन्य कोई रास्ता नहीं है।" यह कथन है -

(A) प्लेटो का
(B) कार्ल मार्क्स का
(C) महात्मा गाँधी का ✓
(D) जवाहरलाल नेहरू का

Q.28

किसने राजनीतिशास्त्र को "किसी समाज के लिए मूल्यों के आधिकारिक आवंटन का अध्ययन" के रूप में वर्णित किया है?

(A) ई.एम. फोस्टर
(B) रॉबर्ट डाहल
(C) डेविड ईस्टन ✓
(D) अर्नेस्ट बार्कर

Q.29

"19वीं शताब्दी के अंतिम दशक और 20वीं शताब्दी के प्रथम दशक में परंपरागत राजनीति विज्ञान संस्थागत एवं विधिवादी परंपरा छोड़कर सामाजिक-राजनीतिक जीवन के विषय में नई दृष्टि अपनाता है।"
उक्त कथन के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा गलत है?

(A) समाज व सामाजिक समूहों को एक प्रक्रिया के रूप में देखना।

(B) राजनीतिक अध्येताओं को कानूनी, संवैधानिक और संस्थागत सत्ता के पीछे वास्तविक या यथार्थ शक्ति की खोज करना।

(C) शोधकर्ता को राज्य के औपचारिक ढाँचे और सांविधानिक तंत्र का अध्ययन करना पड़ेगा। ✓

(D) राजनीति के अध्येताओं को नवीन मार्ग का अनुसरण करना पड़ेगा क्योंकि राजनीति सिद्धांत ऐसी शक्तियों के संपर्क में आ गया कि कालांतर में वे इसकी प्रकृति को मूलतः संशोधित कर देंगी।

Q.30

"शक्ति एक सम्मान-मूल्य (Deference-value) है और राजनीति विज्ञान का उससे घनिष्ठ संबंध है।" यह विचार कौन से विद्वान ने दिया है ?

(A) हेराल्ड लासवेल ✓

(B) लॉर्ड एक्टन

(C) डेविड ईस्टन

(D) चार्ल्स ई. मेरियम

Q.31

अभिकथन (अ) : राज्य की सत्ता के सार्थक प्रयोग के लिए राज्य के कानून और आदेश जनसाधारण की नैतिक मान्यताओं और मूल्य प्रणाली पर आधारित होने चाहिए।
कारण (ब) : राज्य इसके लिए अपने नागरिकों से अनिवार्यतः कानूनों का आज्ञापालन सुनिश्चित कराये।

(A) (अ) और (ब) दोनों पृथक् रूप से सत्य हैं और (ब), (अ) की सही व्याख्या करता है।

(B) (अ) और (ब) दोनों पृथक् रूप से सत्य हैं परन्तु (ब), (अ) की सही व्याख्या नहीं करता है। ✓

(C) (अ) सत्य है परन्तु (ब) असत्य है।

(D) (अ) असत्य है परन्तु (ब) सत्य है।

Q.32

"सभी मानव जन्म से स्वतंत्र तथा प्रतिष्ठा और अधिकारों में समान हैं।" यह कथन दिया गया है -

(A) हॉब्स के लेवियाथन में

(B) सार्क के घोषणापत्र में

(C) मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में ✓

(D) रूसो की रचना सोशल कॉन्ट्रेक्ट में

Q.33

कौन से विचारक को आधुनिक राज्य के आगमन का संदेशवाहक और राष्ट्र संघ की भूमिका का लेखक माना जा सकता है ?

(A) विलियम ऑफ ओकम

(B) जॉन ऑफ पेरिस

(C) मार्सीलीओ ऑफ पेडुआ

(D) दान्ते ✓

Q.34

निम्न में से किस टीकाकार ने कहा कि अपना संविधान बनाते समय "भारतीयों ने नियति के साथ साक्षात्कार में कोई चूक नहीं की" ?

(A) ग्रेनविले ऑस्टिन ✓
(B) मायनर वीनर
(C) सी. राजगोपालाचारी
(D) के.टी. शाह

Q.35

निम्नलिखित राष्ट्रपति के शपथ के संवैधानिक प्रारूप में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए । "मैं, अमुक ईश्वर की शपथ लेता हूँ/सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ कि मैं ..... भारत के राष्ट्रपति के पद का कार्यपालन करूँगा ।"

(A) पूर्ण निष्ठा के साथ
(B) पूर्ण योग्यता के साथ
(C) निष्ठापूर्वक
(D) श्रद्धापूर्वक ✓

Q.36

भारत में लोकसभा के निर्वाचन-क्षेत्र 543 कब से हैं ?

(A) 1962 से
(B) 1967 से
(C) 1969 से
(D) 1971 से ✓

Q.37

भारत के संविधान के अनु. 51 क (क) के अनुसार प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है-

(A) संविधान का सृजनात्मक विरोध
(B) अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि
(C) संविधान संशोधनों में सकारात्मक समर्थन
(D) संविधान का पालन ✓

Q.38

भारत के संविधान में वर्णित राज्य की नीति के निदेशक तत्वों की व्याख्या कौन सा वाक्य कर रहा है ?

(A) वे लक्ष्य जो एक व्यक्ति के रूप में हमें स्वीकार करने चाहिये ।
(B) कुछ अधिकार जो नागरिकों को मौलिक अधिकारों के अलावा मिलने चाहिये । ✓
(C) वे उद्देश्य जो एक व्यक्ति के रूप में हमें अनिवार्यतः स्वीकार करने चाहिये ।
(D) सरकार के लिए अनिवार्य नीतियां ।

Q.39

राजस्थान का प्रथम 'जेण्डर बजट' प्रस्तुत करने वाले थे -

(A) वसुंधरा राजे
(B) अशोक गहलोत ✓
(C) प्रद्युम्न सिंह
(D) भैरोंसिंह शेखावत

Q.40

"अनुच्छेद 20 एवं अनुच्छेद 21 के मूल अधिकार आपातकाल में स्थगित नहीं किए जा सकते हैं।" निम्नांकित में से कौन सा कथन उक्त प्रावधान के सन्दर्भ में सही है ?

(A) संविधान के आरंभ से यह प्रावधान है ।

(B) 24वें संविधान संशोधन से यह प्रावधान अन्तःस्थापित किया गया ।

(C) 42वें संविधान संशोधन से यह प्रावधान अन्तःस्थापित किया गया ।

(D) 44वें संविधान संशोधन से यह प्रावधान अन्तःस्थापित किया गया । ✓

Q.41

संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्यों की संख्या 6 से बढ़ाकर 10 किस वर्ष में की गयी ?

(A) 1952 में

(B) 1960 में

(C) 1965 में ✓

(D) 1972 में

Q.42

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में वर्णित "अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि हेतु राज्य प्रयास करेगा ।" इसी संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए ।

सूची-I	सूची-II
A. 51(क)	**(i)** संगठित लोगों के एक दूसरे से व्यवहारों में अंतर्राष्ट्रीय विधि और संधि-बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने का
B. 51(ख)	**(ii)** राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण संबंधों को बनाये रखने का
C. 51(ग)	**(iii)** अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का
D. 51(घ)	**(iv)** अंतर्राष्ट्रीय विवादों के माध्यस्थम् द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने का

(A) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)

(B) A-(iii), B-(ii), C-(i), D-(iv) ✓

(C) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii)

(D) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)

Q.43

ब्रेटनवुड्स सम्मेलन-1944 में किन वित्तीय संस्थाओं की स्थापना पर समझौता हुआ था ?

(A) पुनर्रचना एवं विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ✓

(B) पुनर्रचना एवं विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक

(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक

(D) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं जी-7

Q.44

किसने समाजशास्त्र को सामाजिक स्थितिकी एवं सामाजिक गतिकी में बाँटा है ?

(A) कॉम्टे ✓

(B) जॉनसन

(C) बोटोमोर

(D) मैकाइवर

Q.45

'सामाजिक सम्बन्धों के जाल' को हम क्या कहते हैं ?

(A) समुदाय
(B) संस्था
(C) समाज ✓
(D) समिति

Q.46

निम्नलिखित कथनों को सावधानीपूर्वक पढ़िए :

I. जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाना है ।
II. भारत 1 दिसंबर, 2022 से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा ।
III. जी-20 में 19 देश और यूरोपीय संघ (ई.यू.) शामिल है ।
IV. जी-20 वैश्विक जीडीपी का 85%, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का 75% और दुनिया की आबादी का दो तिहाई हिस्सा है ?

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है ?

(A) कथन I, II और III सत्य हैं ।
(B) कथन I, II, III और IV सत्य हैं । ✓
(C) कथन I और III सत्य हैं ।
(D) कथन II और IV सत्य हैं ।

Q.47

गेमाइशाफ्ट तथा गेसेलशाफ्ट समाज के दो प्रकार हैं। यह किसने उल्लेखित किया है ?

(A) टॉनीज ✓
(B) दुर्खिम
(C) वेबर
(D) कार्ल मार्क्स

Q.48

किसने प्राथमिक समूह की अवधारणा का प्रयोग अपनी पुस्तक 'सोशल ऑर्गिनाइजेशन' में किया है ?

(A) चार्ल्स कूले ✓
(B) डब्ल्यू. ऑगबर्न
(C) समनर
(D) गिडिंग्स

Q.49

"एक सामाजिक भूमिका व्यक्ति का किसी समूह या परिस्थिति में वह व्यवहार का प्रतिमान है, जिसकी उससे आशा की जाती है।" यह परिभाषा दी है -

(A) इलियट एवं मैरिल
(B) राल्फ लिंटन ✓
(C) किंबल यंग
(D) जी.ए. लुण्डबर्ग

Q.50

"पर्याप्त निश्चित एवं टिकाऊ यौन संबंध द्वारा परिभाषित एक समूह जो प्रजनन तथा बच्चों के पालन-पोषण की व्यवस्था करने की क्षमता रखता है" कहलाता है -

(A) समिति
(B) समुदाय
(C) परिवार ✓
(D) संस्था

Q.51

हिन्दू विवाह के किस प्रकार में न तो माता-पिता की सहमति की आवश्यकता है न ही संस्कारों की ?

(A) ब्रह्म विवाह
(B) प्रजापत्य विवाह
(C) गंधर्व विवाह ✓
(D) दैव विवाह

Q.52

निम्न में से कौन सा एक राष्ट्रीय एकीकरण के लिए चुनौती नहीं है ?

(A) जातिवाद
(B) नगरवाद ✓
(C) साम्प्रदायिकता
(D) क्षेत्रवाद

Q.53

"व्हाट इज सोशियोलोजी" पुस्तक लिखी है -

(A) मैक्स वेबर
(B) पी. सोरोकिन
(C) ऐलक्स इंकल्स ✓
(D) टी. पारसन्स

Q.54

निम्न में से कौन सी एक सामाजिक परिवर्तन की विशेषता नहीं है ?

(A) सामाजिक परिवर्तन व्यक्ति से सम्बन्धित है। ✓
(B) सामाजिक परिवर्तन सार्वभौमिक है।
(C) सामाजिक परिवर्तन स्वाभाविक और अवश्यम्भावी है।
(D) प्रत्येक समाज में सामाजिक परिवर्तन की गति एक-समान नहीं है।

Q.55

प्रति वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार-निरोधक दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) सितम्बर 9
(B) अक्टूबर 9
(C) नवम्बर 9
(D) दिसम्बर 9 ✓

Q.56

व्यक्ति का वह पद जिसे व्यक्ति किसी समूह में अपने लिंग, आयु, परिवार, वर्ग, व्यवसाय, विवाह एवं उपलब्धियों आदि के फलस्वरूप प्राप्त करता है, कहलाता है -

(A) भूमिका
(B) प्रस्थिति ✓
(C) सामाजिक व्यवस्था
(D) समाज

Q.57

"मुख्य प्रस्थिति" की अवधारणा दी है -

(A) के. डेविस
(B) आर.के. मर्टन
(C) ई.टी. हिल्लर ✓
(D) टी. पारसन्स

Q.58

'हिस्ट्री ऑफ कास्ट इन इंडिया' पुस्तक लिखी है -

(A) हर्बर्ट रिजले
(B) एस.वी. केलकर ✓
(C) जी.एस. घुर्ये
(D) बोटोमोर

Q.59

"समाजशास्त्री होने के नाते हमारा सीधा संबंध सामाजिक संबंधों से है । वह केवल इन्हीं (सामाजिक संबंधों) में परिवर्तन है जिसे हम सामाजिक परिवर्तन कहते हैं ।" कथन है -

(A) जॉन्स
(B) रॉबर्ट बीरस्टेड
(C) मैकाइवर एवं पेज ✓
(D) गिलिन व गिलिन

Q.60

"संस्कृति की गरीबी" की अवधारणा किसने दी ?

(A) आस्कर लुईस ✓
(B) ईवान ईलिच
(C) एलेक्स इंकल्स
(D) मोरिस गिन्सबर्ग

Q.61

इनमें से कौन सा एक पुरुषार्थ का तत्त्व नहीं है ?

(A) धर्म
(B) संस्कार ✓
(C) अर्थ
(D) मोक्ष

Q.62

निम्न का सही मिलान करें -

पुस्तक का नाम	लेखक
1. हिन्दू सोशल ऑर्गेनाइजेशन	a. इरावती कर्वे
2. मैरिज एण्ड फैमिली इन इंडिया	b. वेस्टरमार्क
3. हिस्ट्री ऑफ ह्यूमन मैरिज	c. के.एम. कपाड़िया
4. किनशिप ऑर्गेनाइजेशन इन इंडिया	d. पी.एच. प्रभु

(A) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a ✓
(B) 1-c, 2-b, 3-a, 4-d
(C) 1-b, 2-d, 3-c, 4-a
(D) 1-a, 2-c, 3-d, 4-b

Q.63

'प्रशासन का क्षेत्र व्यापार का क्षेत्र है और वह राजनीति की जल्दबाजी और संघर्षों से दूर है ।' यह कथन किसका है ?

(A) फ्रैंक गुडनाऊ
(B) हेनरी फेयोल
(C) वुडरो विल्सन ✓
(D) एल.डी. व्हाइट

Q.64

संथानम कमेटी की नियुक्ति किस समस्या को रोकने के लिए की गयी थी?

(A) साम्प्रदायिकता
(B) जातिवाद
(C) भ्रष्टाचार ✓
(D) गरीबी

Q.65

'दी साइंस ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन : थ्री प्रोब्लम्स' किसने लिखी थी ?

(A) रॉबर्ट डाहल ✓
(B) ड्वाईट वाल्डो
(C) हर्बर्ट साइमन
(D) एफ.डब्ल्यू. टेलर

Q.66

निम्नलिखित विद्वानों में से किस एक ने प्रशासन के सिद्धांतों को 'मिथक' तथा 'कहावतों' के रूप में अस्वीकार किया था ?

(A) चेस्टर आई. बर्नार्ड
(B) वुडरो विल्सन
(C) हर्बर्ट ए. साइमन ✓
(D) मार्शल ई. डिमॉक

Q.67

यह कथन किसका है 'मानवीय समस्या के मानवीय समाधान के लिये मानवीय तथ्यों/आंकड़ों तथा मानवीय उपकरणों की आवश्यकता होती है' ?

(A) रोथलिस्बर्गर ✓
(B) एल.डी. व्हाइट
(C) पी.एच. एप्पलबी
(D) हेनरी फेयोल

Q.68

निम्नलिखित में से कौन-सा एक नीचे से ऊपर की ओर मैसलो की आवश्यकता पदसोपान विचारधारा का सही क्रम है?

A. आत्म-संतुष्टि आवश्यकताएँ
B. जैविक/शारीरिक आवश्यकताएँ
C. लगाव तथा प्रेम की आवश्यकताएँ
D. आत्म-सम्मान की आवश्यकताएँ
E. सुरक्षा आवश्यकताएँ

(A) A-B-C-D-E
(B) A-D-C-E-B
(C) B-E-C-D-A ✓
(D) B-E-D-C-A

Q.69

निम्नलिखित में से कौन लोक प्रशासन के पोस्डकोर्ब विचार का समर्थक नहीं है ?

(A) हेनरी फेयोल
(B) लूथर गुलिक
(C) एल. उर्विक
(D) लेविस मेरियम ✓

Q.70

कार्यात्मक फोरमैनशिप तकनीक के अन्तर्गत निम्न में से कौन सा (नायक) 'बॉस' (boss) नहीं है ?

(A) निरीक्षक
(B) अनुशासक
(C) नियन्त्रक ✓
(D) निर्देशन कार्ड लिपिक

Q.71

निम्न में से कौन सा औपचारिक संचार नेटवर्क का सबसे अधिक केन्द्रीकृत प्रकार है ?

(A) सितारा ✓
(B) श्रृंखला
(C) वृत्त
(D) ग्रेपवाइन

Q.72

अभिप्रेरणा की प्रत्याशा विचारधारा के प्रतिपादक कौन थे ?

(A) विक्टर वूम ✓
(B) डगलस मैक्ग्रेगर
(C) रैन्सिस लिकर्ट
(D) मैसलो

Q.73

सरकारिया आयोग ने अपना प्रतिवेदन कब सौंपा था ?

(A) 1983
(B) 1984
(C) 1987
(D) 1988 ✓

Q.74

द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की 12वीं रिपोर्ट का शीर्षक क्या था ?

(A) सूचना का अधिकार
(B) संकट प्रबंध
(C) नागरिक-केन्द्रित प्रशासन ✓
(D) अभिशासन में नैतिकता

Q.75

प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ने कितने प्रतिवेदन प्रस्तुत किये थे ?

(A) बारह
(B) पन्द्रह
(C) सत्रह
(D) बीस ✓

Q.76

रैन्सिस लिकर्ट के अनुसार निम्न में से कौन सी प्रबन्धकीय प्रणाली सर्वोत्तम है ?

(A) शोषक निरंकुश
(B) सहभागी समूह ✓
(C) सलाहकारी
(D) हितैषी

Q.77

राजस्थान जन सूचना पोर्टल कब प्रारंभ किया गया था ?

(A) 2018
(B) 2019 ✓
(C) 2020
(D) 2021

Q.78

ऑम्बुड्समैन नामक संस्था की स्थापना सर्वप्रथम 1809 में हुई थी ?

(A) नीदरलैण्ड्स में
(B) नॉर्वे में
(C) स्वीडन में ✓
(D) फिनलैण्ड में

Q.79

संसद में लोकपाल विधेयक प्रथम बार कब प्रस्तुत हुआ था?

(A) 1971
(B) 1964
(C) 1966
(D) 1968 ✓

Q.80

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की किस धारा में सूचना के प्रकटन से छूट विहित है ?

(A) धारा 7(1)
(B) धारा 7(2)
(C) धारा 8(1) ✓
(D) धारा 8(2)

Q.81

'प्रस्थानत्रयी' से क्या तात्पर्य है ?

(A) वेद, उपनिषद्, गीता
(B) उपनिषद्, गीता, ब्राह्मण
(C) उपनिषद्, गीता, ब्रह्मसूत्र ✓
(D) वेद, उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र

Q.82

उपनिषदों के अनुसार 'ब्रह्म' के लिए 'तज्जलान्' शब्द का प्रयोग हुआ है, जिसका तात्पर्य है :

(A) ब्रह्म ही परम सत् है ।
(B) ब्रह्म सत्, सर्वव्यापी, शुद्ध चैतन्यस्वरूप और अनंत है ।
(C) ब्रह्म से ही सूर्य, चन्द्रमा आदि प्रकाशित होते हैं ।
(D) ब्रह्म ही जगत् की उत्पत्ति, अस्तित्व और संहार (लय) का कारण है । ✓

Q.83

राजस्थान में लोकायुक्त निम्न में से किस कार्य की जाँच नहीं कर सकता है?

(A) अनुशासनात्मक कार्यवाही ✓
(B) भ्रष्टाचार
(C) पद का दुरुपयोग
(D) अकर्मण्यता

Q.84

बौद्ध दर्शन के अष्टांग मार्ग के अनुसार निम्न में से कौन से सम्बन्धित हैं ?
1. सम्यक् दृष्टि
2. सम्यक् संकल्प
3. सम्यक् वाक्
4. सम्यक् दर्शन
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) 1, 2 तथा 4
(B) 2, 3 तथा 4
(C) 1, 3 तथा 4
(D) 1, 2 तथा 3 ✓

Q.85

"संसार में दुःख की व्यापकता निर्विवाद है" - इस विचार का समर्थन कौन सा दर्शन करता है ?

(A) जैन दर्शन
(B) बौद्ध दर्शन ✓
(C) सुकरात दर्शन
(D) गाँधी दर्शन

Q.86

जैन 'त्रिरत्न' हैं :

(A) भगवान महावीर, श्रमण तथा श्रावक
(B) अणुव्रत, महाव्रत तथा शिक्षाव्रत
(C) स्याद्वाद, नयवाद तथा अनेकान्तवाद
(D) सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान तथा सम्यक् चरित्र ✓

Q.87

वेदों के बारे में सत्य कथन है :
1. वेद अनादि और अपौरुषेय हैं ।
2. वेद के लिए सबसे प्रचलित शब्द श्रुति है ।
3. वेद का सर्वमान्य अर्थ 'संगीत' है ।
4. वेद का सर्वमान्य अर्थ 'ज्ञान' है ।
सही उत्तर चुनिए :

(A) 1, 2 व 4 सत्य हैं । ✓
(B) 1, 2 व 3 सत्य हैं ।
(C) 2, 3 व 4 सत्य हैं ।
(D) 1, 3 व 4 सत्य हैं ।

Q.88

'मैं सोचता हूँ अतः मैं हूँ' सम्बन्धित है

(A) सुकरात से
(B) बेन्थम से
(C) काण्ट से
(D) देकार्त से ✓

Q.89

सुकरात के अनुसार, सद्गुण है -

(A) अप्राप्य
(B) एक ✓
(C) स्वर्णिम माध्य
(D) सापेक्षिक

Q.90

परिणाम-निरपेक्षवादी नीतिशास्त्र महत्त्व देता है

(A) सुख को
(B) कर्तव्य को ✓
(C) परिणाम को
(D) वैराग्य को

Q.91

वैदिक 'ऋणत्रयी' में सम्मिलित नहीं है -

(A) देव ऋण
(B) लोक ऋण ✓
(C) पितृ ऋण
(D) ऋषि ऋण

Q.92

आँख के बदले आँख और दाँत के बदले दाँत का समर्थन करता है :

(A) दण्ड का प्रतिरोधात्मक सिद्धान्त
(B) दण्ड का प्रतिकारात्मक सिद्धान्त ✓
(C) दण्ड का सुधारात्मक सिद्धान्त
(D) दण्ड का कोई भी सिद्धान्त नहीं

Q.93

सुखों में गुणात्मक भेद स्वीकार्य है, सुखवादी

(A) जे.एस. मिल को ✓
(B) बेन्थम को
(C) सुकरात को
(D) काण्ट को

Q.94

गांधी दर्शन के अनुसार ईश्वर विषयक सर्वाधिक उपयुक्त विचार है -

(A) सत्य ही ईश्वर है। ✓
(B) ईश्वर तटस्थ है।
(C) ईश्वर व्यक्तित्वपूर्ण है।
(D) ईश्वर अप्रासंगिक है।

Q.95

नैतिक सिद्धान्त 'कर्तव्य के लिए कर्तव्य' सम्बन्धित है :

(A) देकार्ते से
(B) काण्ट से ✓
(C) मिल से
(D) सुकरात से

Q.96

संकल्प स्वातंत्र्य की अनिवार्य शर्तों में क्या शामिल है ?
1. कर्म करने की क्षमता
2. ज्ञान और उद्देश्य
3. न्याय का आचरण
4. विकल्पों की उपस्थिति
सही उत्तर चुनिए :

(A) 1, 2 व 4 ✓
(B) 2, 3 व 4
(C) 1, 2 व 3
(D) 1, 3 व 4

Q.97

काण्ट का कठोरवाद समर्थन करता है -

(A) चाहिए में कर सकना निहित है का ✓
(B) अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम हित का
(C) सुखवादी नीतिशास्त्र का
(D) करुणावादी नीतिशास्त्र का

Q.98

सुकरात संदेहवादी नहीं हैं क्योंकि :

(A) उनके दर्शन का अन्त संदेह में होता है।
(B) वे ईश्वर में दृढ़ विश्वास करते हैं।
(C) संदेह, असंदिग्ध सत्य तक पहुँचने का साधन है। ✓
(D) अनुभववादी दर्शन का प्रारम्भ इनके दर्शन से होता है।

Q.99

निम्न में से ऋग्वेद के किस मण्डल में 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति अग्निं यमं ....' का उल्लेख मिलता है?

(A) प्रथम ✓
(B) तृतीय
(C) आठवाँ
(D) नवाँ

Q.100

बौद्ध धर्म में संघ प्रवेश को क्या कहा जाता था?

(A) पातिमोक्ख
(B) उपसम्पदा ✓
(C) प्रव्रज्या
(D) उपोसथ

Q.101

निम्न में से अशोक के किस प्रमुख शिलालेख में वचोगुति, बहुश्रुत एवं समवाय पर बल दिया था जिसमें उसकी धार्मिक सहिष्णुता नीति का प्रकटीकरण होता है ?

(A) II शिलालेख
(B) III शिलालेख
(C) XII शिलालेख ✓
(D) XIII शिलालेख

Q.102

निम्न में से कौनसी जातक के दृश्य साँची स्तूप के तोरण द्वार एवं स्तंभों पर उत्कीर्ण नहीं है?

(A) महाजनक जातक ✓
(B) महाकपि जातक
(C) साम जातक
(D) महोवेस्सन्तर जातक

Q.103

निम्न में से किसने 'देवीचन्द्रगुप्तम्' नाटक की रचना की थी ?

(A) कामन्दक
(B) कालिदास
(C) विशाखदत्त ✓
(D) शूद्रक

Q.104

किस राज्य में सिन्धु घाटी सभ्यता का स्थल 'जूनी कुरन' अवस्थित है?

(A) गुजरात ✓
(B) महाराष्ट्र
(C) उत्तर प्रदेश
(D) पंजाब

Q.105

निम्न में से किस मुगल सम्राट ने अलतमगा जागीर को आरम्भ किया था ?

(A) अकबर
(B) जहाँगीर ✓
(C) शाहजहाँ
(D) औरंगजेब

Q.106

निम्न में से शिवाजी ने किस किले का नाम बदल कर सिंहगढ़ रखा था ?

(A) तोरण
(B) जावली
(C) शिवनेर
(D) कोंडाना ✓

Q.107

निम्न में से किसने 'यंग इंडिया' नामक पुस्तक लिखी थी ?

(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) लाला लाजपत राय ✓
(C) सुभाषचन्द्र बोस
(D) जवाहरलाल नेहरू

Q.108

काँग्रेस कार्यकारिणी समिति ने निम्न में से किस स्थान पर असहयोग आंदोलन को समाप्त करने से संबंधित प्रस्ताव पारित किया ?

(A) बारदोली ✓
(B) गोरखपुर
(C) चम्पारन
(D) नागपुर

Q.109

हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना कब की गई थी ?

(A) 1926
(B) 1928 ✓
(C) 1932
(D) 1936

Q.110

सुभाषचंद्र बोस ने 21 अक्टूबर 1943 में अस्थायी सरकार की स्थापना कहाँ की?

(A) सिंगापुर ✓
(B) बर्मा
(C) जर्मनी
(D) जापान

Q.111

पद्मावती व सुरसीर किसकी शिष्याएं थीं?

(A) चैतन्य महाप्रभु
(B) कबीर
(C) दादूदयाल
(D) रामानन्द ✓

Q.112

निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :

A. ब्रैंडीवाइन की लड़ाई
B. बंकरहिल की लड़ाई
C. यार्कटाउन की लड़ाई
D. साराटोगा की लड़ाई

कूट :

(A) A, C, B, D
(B) D, C, A, B
(C) B, A, D, C ✓
(D) B, D, A, C

Q.113

फ्रांस की क्रांति की निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :

A. एस्टेट्स जनरल के अधिवेशन का प्रारम्भ
B. बास्तिल का पतन
C. टेनिस कोर्ट की शपथ
D. मनुष्य एवं नागरिकों के अधिकारों की घोषणा

कूट :

(A) A, C, B, D ✓
(B) A, D, C, B
(C) B, C, A, D
(D) A, B, C, D

Q.114

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

सूची - I (कांग्रेस के अधिवेशन)	**सूची - II (अध्यक्ष)**
A. कलकत्ता अधिवेशन (1890)	i. पी. आनन्द चालू
B. नागपुर अधिवेशन (1891)	ii. डब्ल्यू.सी. बनर्जी
C. इलाहाबाद अधिवेशन (1892)	iii. दादाभाई नौरोजी
D. लाहौर अधिवेशन (1893)	iv. फिरोजशाह मेहता

कूट :

(A) A-iv, B-i, C-ii, D-iii ✓

(B) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(C) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(D) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

Q.115

निम्न में से भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान सबसे लम्बी समयावधि वाली समानान्तर सरकार कहाँ स्थापित थी ?

(A) तामलुक

(B) बलिया

(C) बारदोली

(D) सतारा ✓

Q.116

निम्न में से किसने "एटीन फिफ्टी सेवन" नामक पुस्तक लिखी थी ?

(A) एस.एन. सेन ✓

(B) आर.सी. मजूमदार

(C) एस.बी. चौधरी

(D) वी.डी. सावरकर

Q.117

ग्रीनविच तथा थिम्पू के मध्य 90° का अन्तराल है। जब ग्रीनविच पर दोपहर के 12:00 बजे हैं तो इस अवधि में थिम्पू में क्या समय होगा ?

(A) 6:00 पूर्वाह्न

(B) 5:30 पूर्वाह्न

(C) 6:00 अपराह्न ✓

(D) 5:30 अपराह्न

Q.118

राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में 2011 में सर्वाधिक लिंगानुपात था ?

(A) अलवर

(B) चूरू ✓

(C) दौसा

(D) गंगानगर

Q.119

वर्तमान शताब्दी में किस वर्ष हिन्द महासागर में कुख्यात सुनामी आई थी ?

(A) 2002
(B) 2001
(C) 2005
(D) 2004 ✓

Q.120

निम्न में से किसने रूस में "लाल सेना" का गठन किया था ?

(A) फेलिक्स डेरजिंस्की
(B) लेनिन
(C) स्टालिन
(D) ट्राट्स्की ✓

Q.121

महाद्वीपों एवं महासागरों के उत्पत्ति से सम्बन्धित संकुचन सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) लोथियन ग्रीन
(B) डेली
(C) जॉली
(D) जैफ्रे ✓

Q.122

दक्षिण भारत का मैनचेस्टर है :

(A) बेंगलूरू
(B) मदुरई
(C) कोयम्बटूर ✓
(D) चेन्नई

Q.123

अधिकांश मौसमी घटनाएँ घटित होती हैं

(A) आयनमंडल में
(B) क्षोभमंडल में ✓
(C) समतापमंडल में
(D) मध्यमंडल में

Q.124

'सिरोको' स्थानीय पवनें पायी जाती हैं :

(A) कनाडा में
(B) इटली में ✓
(C) जापान में
(D) कैलिफोर्निया में

Q.125

प्रकाशमण्डल क्षेत्र के ठंडे और काले धब्बों को कहा जाता है

(A) फेकुले
(B) फोटोंस
(C) कोरोना
(D) सौर्य कलंक ✓

Q.126

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?

(A) कोनार्ड असंततता - सियाल तथा सिमा के मध्य संक्रमण क्षेत्र
(B) मोहोरोविसिक असंततता - निचली भूपर्पटी तथा ऊपरी मेण्टल के मध्य संक्रमण क्षेत्र
(C) रिपिटी असंततता - मेण्टल तथा भूक्रोड के मध्य संक्रमण क्षेत्र ✓
(D) गुटेनबर्ग असंततता - बाह्य तथा आन्तरिक क्रोड के मध्य संक्रमण क्षेत्र

Q.127

प्रवाल जीवों के विकास के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य है ?

(A) ये $20^\circ - 30^\circ$ से. तापमान में पनपते हैं । ✓
(B) इन्हें अधिक तलछट की आवश्यकता होती है ।
(C) ये लवण विहीन स्वच्छ जल में खूब पनपते हैं ।
(D) ये अधिक हलचल वाले समुद्री जल को पसन्द करते हैं ।

Q.128

'युति – वियुति' शब्दावली किसको उल्लेखित करती है ?

(A) सूर्य तथा चन्द्रमा का सरल रेखीय विन्यास
(B) पृथ्वी तथा चन्द्रमा का सरल रेखीय विन्यास
(C) सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा की समकोणीय स्थिति
(D) सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा का सरल रेखीय विन्यास ✓

Q.129

भारत में निम्नलिखित मृदाओं में से कौन सी सर्वाधिक क्षेत्र में पाई जाती है ?

(A) शुष्क व मरुस्थलीय
(B) लैटेराइट
(C) लाल
(D) जलोढ़ ✓

Q.130

निम्नलिखित में से कौनसी महासागरीय धाराओं का समूह उत्तर से दक्षिण की ओर व्यवस्थित है?

(A) फॉकलैण्ड-ब्राजील-कनारी-लेब्रोडोर
(B) कनारी-ब्राजील-फॉकलैण्ड-लेब्रोडोर
(C) ब्राजील-फॉकलैण्ड-लेब्रोडोर- कनारी
(D) लेब्रोडोर-कनारी-ब्राजील-फॉकलैण्ड ✓

Q.131

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प "समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि" के सोपानों का सही तार्किक क्रम है?

(A) क्रियान्वयन → रिपोर्ट बनाना → योजना बनाना → मूल्यांकन

(B) योजना बनाना → क्रियान्वयन → मूल्यांकन → रिपोर्ट बनाना

(C) योजना बनाना → रिपोर्ट बनाना → क्रियान्वयन → मूल्यांकन

(D) योजना बनाना → क्रियान्वयन → रिपोर्ट बनाना → मूल्यांकन ✓

Q.132

निम्नलिखित में से कौन सी क्षेत्र पर्यटन की सीमा है ?

(A) प्रत्यक्ष (वास्तविक) अनुभव

(B) सामाजिक विज्ञान के कुछ चयनित विषयों के लिए उपयोगी ✓

(C) सौन्दर्यानुभूति

(D) रुचि एवं रोचकता

Q.133

प्रायोजना को पूर्ण करने के सोपानों को अव्यवस्थित क्रम में नीचे दिया जा रहा है :

A. प्रायोजना की योजना बनाना
B. प्रायोजना का चयन
C. परिस्थिति देना
D. प्रायोजना का निर्णयन्
E. प्रायोजना का क्रियान्वयन

निम्नलिखित में से कौन से विकल्प में प्रायोजना के सोपानों का सही तार्किक क्रम है ?

(A) A → B → C → D → E

(B) B → C → D → E → A

(C) E → B → C → D → A

(D) C → B → A → E → D ✓

Q.134

एडगर डेल के अनुभव शंकु का कौन सा तत्त्व अधिगम के लिए सबसे अधिक प्रभावी होता है ?

(A) रेडियो रिकार्डिंग

(B) चलचित्र

(C) प्रदर्शन

(D) वास्तविक प्रत्यक्ष अनुभव ✓

Q.135

किसी साम्राज्य के अभिवृद्धि एवं विकास, राजवंश तथा इसी प्रकृति के ऐतिहासिक तथ्यों को दर्शाने वाला चार्ट कहलाता है-

(A) वर्गीकरण चार्ट

(B) वंशक्रम चार्ट ✓

(C) प्रवाह चार्ट

(D) सारणीयन चार्ट

Q.136

नीचे सामाजिक विज्ञान अध्यापक के कुछ गुण दिये गये हैं :

अ. सामाजिक विज्ञान शिक्षण विधा के विशेषज्ञ
ब. अकादमिक योग्यता से परिपूर्ण
स. मानवीय गुणों से परिपूर्ण

निम्नलिखित में से कौन सा एक विकल्प उपरोक्त उल्लेखित गुणों का सर्वाधिक उपयुक्त प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) केवल 'अ'
(B) केवल 'अ' एवं 'स'
(C) केवल 'ब'
(D) 'अ', 'ब' एवं 'स' ✓

Q.137

निम्नलिखित में से कौन-सा एक दृश्य सामग्री का प्रकार है?

(A) टेलीविजन
(B) फिल्म स्ट्रीप ✓
(C) टेप रिकार्डिंग
(D) चलचित्र

Q.138

एन.सी.एफ. 2005 से सम्बन्धित सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के लिए तैयार किये जाने वाले आधारपत्र के राष्ट्रीय फोकस समूह के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) प्रोफेसर यशपाल ✓
(B) प्रोफेसर गोपाल गुरु
(C) प्रोफेसर जे.एस. राजपूत
(D) प्रोफेसर कृष्ण कुमार

Q.139

निम्नलिखित में से कौन सा, पाठ योजना हेतु हर्बर्टीयन उपागम का सोपान नहीं है?

(A) प्रस्तुतीकरण
(B) सामान्यीकरण
(C) तुलना एवं सम्बन्ध
(D) खोज करना ✓

Q.140

निम्नलिखित में से कौन सी इकाई योजना की विशेषता नहीं है ?

(A) इकाई योजना में उद्देश्यों को समग्रता की दृष्टि से तैयार किया जाता है ।
(B) इकाई योजना में विभिन्न पाठों की विषयवस्तु को समग्रता की दृष्टि से व्यवस्थित किया जाता है ।
(C) इकाई योजना में "अंश से सम्पूर्ण" के सिद्धान्त का पालन किया जाता है ✓
(D) इकाई योजना में "संश्लेषण से विश्लेषण" के सिद्धान्त का पालन किया जाता है

Q.141

इकाई योजना किस मनोविज्ञान पर आधारित होती है ?

(A) गेस्टाल्ट मनोविज्ञान ✓
(B) नैदानिक मनोविज्ञान
(C) परामर्श मनोविज्ञान
(D) सामान्य मनोविज्ञान

Q.142

किसने कहा कि "पाठ्यक्रम कलाकार (अध्यापक) के हाथ में वह साधन है जिससे कि वह पदार्थ (शिक्षार्थी) को अपने आदर्श (उद्देश्य) के अनुसार अपने स्टूडियो (स्कूल) में ढाल सके।"?

(A) कनिंघम ✓
(B) पी. सेमुअल
(C) थॉर्नडाईक
(D) बेन्जामिन फ्रैंकलिन

Q.143

निम्नलिखित में से कौन सा वस्तुनिष्ठ परीक्षण का लाभ नहीं है?

(A) अंकन में वस्तुनिष्ठता
(B) प्रशासन सरल
(C) उत्तर के चयन में अनुमान संभव ✓
(D) भाषा का न्यूनतम उपयोग

Q.144

निम्नलिखित में से कौन सी निबन्धात्मक परीक्षण की विशेषता नहीं है?

(A) विद्यार्थियों की भाषा शैली एवं लेखन कला को जानने के लिए उपयोगी।
(B) विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति कौशल को जानने के लिए उपयोगी।
(C) विद्यार्थियों के रचनात्मक विचारों को जानने के लिए उपयोगी।
(D) मूल्यांकन में वस्तुनिष्ठता संभव । ✓

Q.145

निष्पत्ति परीक्षण हेतु नील पत्र निर्माण के लिए आवश्यक तत्त्व नीचे दिये जा रहे हैं-
अ. उद्देश्यों का अंक भार
ब. विषयवस्तु का अंक भार
स. प्रश्नों के प्रकार का अंक भार
द. कठिनाई स्तर का अंकं भार
उपरोक्त तत्वों के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 'अ' एवं 'ब' आवश्यक
(B) केवल 'ब' एवं 'स' आवश्यक
(C) केवल 'ब' एवं 'द' आवश्यक
(D) 'अ', 'ब', 'स', एवं 'द' आवश्यक ✓

Q.146

विद्यालय में हुए छात्रों के व्यवहारगत परिवर्तनों के सम्बन्ध में साक्ष्यों के संकलन तथा उनकी व्याख्या करने की प्रक्रिया को कहा जाता है :

(A) मूल्यांकन ✓
(B) परीक्षा
(C) नियंत्रण
(D) निर्देशन

Q.147

निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक विज्ञान शिक्षण में 'अवबोध' घटक का व्यावहारिक पद है?

(A) अंतर करना ✓
(B) पहचान करना
(C) प्रत्यास्मरण करना
(D) घटकों का निर्धारण

Q.148

एक सामाजिक विज्ञान के अध्यापक कक्षा कक्ष में महान चित्रकारों, मूर्तिकारों, संगीतकारों आदि के जीवन के बारे में पढ़ाते हैं। व्याख्या के दौरान विद्यार्थियों में सौंदर्यभाव का विकास हो सकता है। यह किन दो विषयों के मध्य सम्बन्ध को दर्शाता है ?

(A) सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान
(B) सामाजिक विज्ञान एवं गणित
(C) सामाजिक विज्ञान एवं ललित कला ✓
(D) सामाजिक विज्ञान एवं भूगोल

Q.149

सामाजिक विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के मध्य एक-दूसरे से सम्बन्ध कहलाता है -

(A) संपार्श्विक सहसम्बन्ध ✓
(B) बहुपक्षीय सहसम्बन्ध
(C) एकपार्श्विक सहसम्बन्ध
(D) वक्ररेखी सहसम्बन्ध

Q.150

किसने कहा कि "सामाजिक विज्ञान मानव तथा उसकी सामाजिक और भौतिक वातावरण के प्रति की जाने वाली प्रतिक्रियाओं से सम्बन्धित है, इसमें मानवीय सम्बन्धों को अध्ययन होता है।"?

(A) जुन, वी. माइकेलिस ✓
(B) एम.पी. मोफाट
(C) वेस्ले
(D) बाइंनिग एंड बाइंनिग



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in